पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ०प्र०
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने पेरिस पैरालंपिक में योगेश कथुनिया एवं निषाद कुमार को रजत पदक तथा प्रीति पाल को कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी

लखनऊ : 02 सितम्बर, 2024

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल ने पेरिस पैरालंपिक में भारत के योगेश कथुनिया को चक्का फेक स्पर्धा एवं निषाद कुमार को ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने तथा महिला स्प्रिंटर प्रीति पाल को महिलाओं के 200 मी0 टी 35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई दी है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा कि इन युवाओं की इस उपलब्धि ने पूरे देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि पदक विजेता युवाओं ने यह साबित किया है कि मेहनत और दृढ़ संकल्प से किसी भी मुकाम पर पहुंचना संभव है। इनकी जीत ने दिखाया है कि कठिनाइयों का सामना करने के बाद भी हम अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने इस जीत को सभी भारतवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

संपर्क सूत्र :
कृष्ण कुमार-सूचना अधिकारी, राजभवन
मो0 : 9454468250